दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI
(राजभाषा प्रकोष्ठ RAJBHASHA CELL)
कमरा संख्या: 104, प्रथम तल, नया प्रशासनिक खंड, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007 (दूरभाष: 011-27666269, एक्स नं.: 1225)
Room No.: 104, 1st Floor, New Administrative Block, University of Delhi, Delhi-110007 (Phone: 011-27666269, Ext. No.: 1225)

फाइल संख्या: आरबीसी/336/हिं.स.(08)/2018/ 19149 - 19398 दिनांक : 17/08/2018

# सूचना

राजभाषा प्रकोष्ठ के दिनांक 06/08/2018 के परिपत्र सं. आरबीसी/336/हिं.स.(08)/2018/ 18887-19137 के संदर्भ में आप सभी को सूचित किया जाता है कि कुछ अपरिहार्य कारणों से दिनांक 17/08/2018 (शुक्रवार) को आयोजित होने वाली 'हिंदी निबंध' प्रतियोगिता दिनांक 29/08/2018 (बुधवार) को और दिनांक 23/08/2018 (गुरुवार) को आयोजित होनी वाली 'हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद' प्रतियोगिता **दिनांक 24/08/2018 (शुक्रवार)** को आयोजित की जाएगी। शेष प्रतियोगिताएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएंगी।

कृपया उक्त परिवर्तन को नोट कर लें।

आनंद कु. सोनी
17/8/2018
(आनंद कुमार सोनी)
सहायक कुलसचिव (राजभाषा)

प्रतिलिपि:
1. सम-कुलपति एवं अध्यक्ष, राभाकास
2. कुलसचिव
3. सभी विभाग/निदेशालय/केंद्र/कार्यालय/अनुभाग प्रमुख
4. निदेशक (कंप्यूटर केंद्र) – अनुरोध है कि कृपया संलग्न परिपत्र को राजभाषा के वेबपेज पर अपलोड करें।

8458
17-8-18

12688-12937
07/8/18


# दिल्ली विश्वविद्यालय UNIVERSITY OF DELHI

(राजभाषा प्रकोष्ठ RAJBHASHA CELL)

कमरा संख्या: 104, प्रथम तल, नया प्रशासनिक खंड, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-110007 (दूरभाष: 011-27666269, एक्स नं.: 1225)

Room No.: 104, 1st Floor, New Administrative Block, University of Delhi, Delhi-110007 (Phone: 011-27666269, Ext. No.: 1225)


फाइल संख्या: आरबीसी/336/हिं.स.(08)/2018/18887-19137 दिनांक : 06/08/2018

## परिपत्र

**विषय: विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस तथा हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा-2018 का आयोजन।**

सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी सप्ताह/हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी विश्वविद्यालय में अगस्त/सितम्बर माह में हिंदी दिवस तथा हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा-2018 मनाया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों (संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों सहित) के लिए तीन वर्गों अर्थात् **वर्ग क, ख तथा ग** में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं **सम्मेलन केंद्र, वनस्पति विज्ञान विभाग के सामने, दिल्ली विश्वविद्यालय** में आयोजित की जाएंगी :

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | तिथि एवं दिन | समय |
|---|---|---|---|
| 01. | हिंदी निबंध | 17/08/2018 (शुक्रवार) | 15:30 बजे से 16:30 बजे |
| 02. | हिंदी श्रुतलेखन | 21/08/2018 (मंगलवार) | 15:30 बजे |
| 03. | हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद | 23/08/2018 (गुरुवार) | 15:30 बजे से 16:30 बजे |
| 04. | हिंदी आशुभाषण | 27/08/2018 (सोमवार) | 15:00 बजे |
| 05. | हिंदी प्रश्न मंच | 04/09/2018 (मंगलवार) | 15:00 बजे |

पात्रता :

वर्ग 'क'- जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी है अथवा जो उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, बिहार, झारखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली राज्य और अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र के निवासी हैं, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए वर्ग क के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे ।

वर्ग 'ख'- जो गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के निवासी हैं और जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी नहीं है, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए **वर्ग ख** के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे ।

वर्ग 'ग'- जो कर्मचारी उपर्युक्त **वर्ग क** तथा **वर्ग ख** में उल्लिखित राज्यों/संघ क्षेत्रों के निवासी नहीं है और जिन कर्मचारियों की मातृभाषा हिंदी नहीं है, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं के लिए **वर्ग ग** के अंतर्गत भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

1. **हिंदी निबंध प्रतियोगिता :** प्रतियोगी को हिंदी में निम्न विषय पर **300 शब्दों** में एक निबंध लिखना होगा जिसके लिए उन्हें **60 मिनट** का समय दिया जाएगा। निबंध का विषय - **"विमुद्रीकरण (Demonetization) - भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव"**

2. **हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता :** इस प्रतियोगिता में **दस मिनट** के लिए एक पाठ श्रुतलेखन (डिक्टेशन) के लिए बोला जाएगा। जिसे बाद में **दो मिनट** के लिए दोहराया भी जाएगा। इस दौरान किसी भी प्रतियोगी को किसी शब्द को दोहराने का अनुरोध करने की अनुमति नहीं होगी। प्रतियोगियों द्वारा लिखे गए पैराग्राफ का अशुद्धियों, लेखन एवं लिखे गए कुल शब्दों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।



अंजली

3. **हिंदी टिप्पण आलेखन एवं अनुवाद प्रतियोगिता:** सभी प्रतियोगियों को प्रश्नपत्र में दिए गए कुछ हिंदी वाक्यांश, एक पैराग्राफ को अंग्रेजी से हिंदी, हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करना होगा तथा दिए गए विषयों पर टिप्पण लिखना होगा। इस प्रतियोगिता के लिए **60 मिनट** का समय दिया जाएगा।

4. **हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता :** इसमें प्रत्येक वर्ग के प्रतियोगी को बोलने के लिए अलग-अलग विषय उसी समय दिए जाएंगे। उस विषय पर **तीन मिनट** हिंदी में बोलना है। प्रतियोगियों द्वारा प्रस्तुती, विषय-वस्तु एवं भाषा-शैली के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

5. **प्रश्नमंच प्रतियोगिता :** यह प्रतियोगिता सभी कर्मचारियों अर्थात् वर्ग **'क'**, **'ख'** एवं **'ग'** के लिए सामूहिक रूप से आयोजित की जाएगी। प्रत्येक प्रतियोगी से एक पर्ची (प्रश्न) चुनने को कहा जाएगा। उक्त पर्ची (प्रश्न) को संचालक जोर से हिंदी में पढ़ेगा। जिसका सही उत्तर प्रतियोगी को **10 सेकंड** में हिंदी में देना होगा। आवश्यकतानुसार वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्द अंग्रेजी में हो सकते हैं। प्रश्नों का चयन हिंदी के अलावा अन्य ज्ञान के क्षेत्र से भी किया जाएगा। **एक प्रतियोगी को एक ही पुरस्कार दिया जाएगा।**

नोट :

1. उपर्युक्त क्रमांक 1 से 4 तक की सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग प्रदान किए जाएंगे। एक प्रतियोगिता में कम से कम 5 (पांच) प्रतियोगी भाग लेने पर **तीन पुरस्कार** (प्रथम, द्वितीय व तृतीय) तथा इससे कम होने पर **एक ही पुरस्कार** प्रदान किया जाएगा। एक प्रतियोगिता में **दस या दस से अधिक प्रतियोगी** होने पर अधिकतम **दो सांत्वना पुरस्कार** भी दिए जाएंगे। उपर्युक्त क्रमांक 1 से 4 तक की प्रतियोगिताओं के लिए कोई प्रतियोगी अधिकतम **3 (तीन) पुरस्कार** पाने का पात्र होगा।
2. क्रमांक 1 से 4 तक की सभी प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को प्रोत्साहन हेतु **प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए क्रमश: 1,500 रुपए, 1,100 रुपए, 700 रुपए एवं 400 रुपए प्रदान किए जायेंगे जो सीधे विजेताओं के वेतन खाते में अंतरण किए जाएंगे।** प्रश्नमंच प्रतियोगिता के अंतर्गत अधिकतम 50 (पचास) सफल प्रतियोगियों को 100 रुपए (प्रत्येक को) भी वेतन खाते में अंतरण किए जाएंगे। सभी विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।
3. सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्णायक मंडल/उत्तर पुस्तिकाओं के जाँचकर्ता/विशेषज्ञ/कुलसचिव का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
4. प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम यथासमय सूचना पट्ट एवं दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाइट में राजभाषा प्रकोष्ठ के लिंक पर प्रकाशित कर दिए जाएंगे।
5. निर्धारित अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रतियोगी के आवेदन पर बिचार नहीं किया जाएगा।
6. प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का स्थल एवं समय :

**कमरा नं. 05, प्रथम तल, सम्मेलन केंद्र (Conference Centre),**
**वनस्पति विज्ञान विभाग के सामने,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय,**
**समय : 15:00 बजे से**
**दिनांक : 17-08-2018 से 04-09-2018 तक**

......3/-

अशैली

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों सहित) से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं। जो कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं वे निर्धारित संलग्न प्रपत्र को भरकर दिनांक 14/08/2018 तक निम्नलिखित अधिकारी के पास अवश्य भेज दें:

**सहायक कुलसचिव (राजभाषा)**
**राजभाषा प्रकोष्ठ, कमरा सं. 104,**
**प्रथम तल, नया प्रशासनिक खंड, उत्तरी परिसर,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय**

**(अधिक जानकारी के लिए कृपया सहायक कुलसचिव (राजभाषा) से दूरभाष सं. 27666269 या इंटरकॉम 1225 पर संपर्क कर सकते हैं)**

संलग्नक : यथोपरि,

आनंद कु. सोनी
06/08/2018
(आनंद कुमार सोनी)
सहायक कुलसचिव (राजभाषा)

प्रतिलिपि:

1. सम-कुलपति एवं अध्यक्ष, राभाकास
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय
3. कुलसचिव
4. सभी विभाग/निदेशालय/केंद्र/कार्यालय/अनुभाग प्रमुख
5. निदेशक (कंप्यूटर केंद्र) - अनुरोध है कि कृपया संलग्न परिपत्र को राजभाषा के वेबपेज पर अपलोड करें।